# चिंपैंज़ी का संरक्षण

स्रोत: द हिंदू

कैमरून में एनजीओ **पापाये इंटरनेशनल** चर्चा में रहा है, जो **डौआला-एडिया राष्ट्रीय उद्यान** में **अनाथ चिम्पांजियों के लिये एक अभयारण्य संचालित करता है।**

- **चिंपैंज़ी:** चिंपैंज़ी ***(Pan troglodytes ssp.)*** वर्तमान में मानव जाति से निकटतम संबंधित जीवों में में से एक हैं तथा इनके और मनुष्यों के पूर्वज एक ही थे जिनका अस्तित्व लगभग 7 से 8 मिलियन वर्ष पूर्व था।
    - **उप-प्रजातियाँ:** इसकी चार मान्यता प्राप्त उप-प्रजातियाँ हैं: **केंद्रीय चिंपैंज़ी**, **पश्चिमी चिंपैंज़ी**, **नाइजीरिया-कैमरून चिंपैंज़ी** और **पूर्वी चिंपैंज़ी।**
- **IUCN के अंतर्गत स्थिति:** चिंपैंज़ी को **संकटापन्न** के रूप में **सूचीबद्ध किया गया है** जिसमें **पश्चिमी चिंपैंज़ी को** गंभीर रूप से संकटापन्न के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- **सांस्कृतिक विविधता:** चिंपैंज़ी **सांस्कृतिक रूप से सीखे गए व्यवहारों का प्रदर्शन करते हैं**, जिसमें **उपकरण का उपयोग**, **स्पष्ट स्वर** और **भरण तकनीक** शामिल हैं, जो उप-प्रजातियों के अनुसार भिन्न होती हैं।
    - वे अत्यधिक **संरचित सामाजिक समूहों में रहते हैं**, जिनमें प्रायः 20 से 150 चिंपैंज़ी होते हैं तथा इनकी संचार पद्धति और व्यवहार जटिल होते हैं।
    - चिंपैंज़ियों द्वारा उपयोग किये जाने वाले साधनों के उदाहरणों में **दीमक पकड़ना, शहद इकट्ठा करना** और **अखरोट तोड़ना शामिल है** तथा इनके **साधनों और तकनीकों में भिन्नताएँ पाई जाती हैं।**
- **आहार पद्धति:** चिंपैंज़ी विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ का भक्षण करते हैं, जिनमें मैंग्रोव के पत्ते भी शामिल हैं और विशेष रूप से **शुष्क जलवायु** में वे गुफाओं में रहते हैं।
    - आवास के नाश और **शिकार से इनकी आनुवंशिक** तथा **सांस्कृतिक विविधता को** खतरा है, जिससे **संरक्षण प्रयास** महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं।
- **कैमरून:**
    - यह **मध्य अफ्रीका** में स्थित है, जिसकी सीमा **नाइजीरिया, चाड, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कांगो, गैबॉन और इक्वेटोरियल गिनी से लगती है।**
        - तटीय मैदान, पर्वत और वर्षावन सहित इसमें भौगोलिक विविधता है।




**और पढ़ें:** [खनन गतिविधियों से अफ्रीकी ग्रेट एप्स को खतरा]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chimpanzee-conservation